Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 6:49 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 5:43 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 58 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 18 अगस्त 2025

ठुप के शादी की, अनीता आडवाणी...पेज-3 पर

News कॉर्नर

## लोक गायिका के पति पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण का आरोप

**हल्द्वानी।** एक महिला ने उत्तराखंड की मशहूर लोक गायिका के पति पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मुखानी थाना क्षेत्र में रहने वाली 40 वर्षीय महिला ने कोर्ट को बताया कि इवेंट मैनेजर रितेश जोशी से उसकी पहचान थी। कुछ समय पूर्व रितेश उसे शादी का झांसा देकर आवास विकास स्थित एक कमरे में ले गया। वहां आरोपी ने उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। बाद में आरोपी शादी की वात से पीछे हटने लगा। उसके बाद आरोपी ने पीड़िता से बातचीत करना भी बंद कर दिया। महिला के अनुसार उसने पुलिस से शिकायत की लेकिन आरोपी पर कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उसे कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि शनिवार रात आरोपी के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर दुष्कर्म की धारा में केस दर्ज कर लिया है।

फायर ब्रिगेड और पुलिस टीम मौके पर मौजूद

## दिल्ली में तीन स्कूल और एक कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली**
**एजेंसी**

दिल्ली में आज तीन स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी भरी कॉल मिली है। एहतियात के तौर पर अधिकारियों ने स्कूल परिसर खाली करा लिया है। पुलिस और बम स्क्वायड की टीम मौके पर पहुंच चुकी है।

दिल्ली में एक बार फिर से स्कूल और कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इससे पहले भी दिल्ली के कई स्कूलों को धमकी भरे ईमेल चुके हैं। कई बार ये हॉक्स कॉल निकली हैं। दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) द्वारका, मॉडर्न कॉन्वेंट स्कूल द्वारका और ग्रेटर कैलाश स्थित ब्लू बेल्स स्कूल को सोमवार को बम से उड़ाने की धमकी भरी कॉल आई।

अब खबर है कि एक कॉलेज को धमकी भरी ईमेल मिली है। जिसके बाद स्कूल परिसर खाली करा दिया गया है। तलाशी अभियान चल रहा है। बम की सूचना मिलते ही पुलिस, बम स्क्वायड और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच चुकी है। दिल्ली अग्निशमन सेवा ने



इसकी जानकारी दी है। जानकारी के लिए बता दें कि आज सुबह सुबह 7¬24 पर कंट्रोल रूम को सूचना मिली थी।

बम की सूचना पर एक अभिभावक ने कहा कि हमें स्कूल से बच्चों को वापस ले जाने का संदेश मिला था। उन्होंने कारण नहीं बताया। इसलिए हम अपने बच्चे को वापस लेने आए हैं। वहीं इससे पहले बीते महीने जुलाई में दिल्ली के 20 से ज्यादा स्कूलों को ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली थी।

पुलिस के अनुसार, दिल्ली के पश्चिम विहार में रिचमंड ग्लोबल स्कूल को बम की धमकी मिली थी। बम की धमकी की सूचना मिलते ही दमकल विभाग और दिल्ली पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची थी। स्कूलों के अलावा दिल्ली के आईपी कॉलेज फॉर विमेन, हिंदू कॉलेज और श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स को ईमेल के जरिए बम की धमकियां मिल चुकी हैं। लेकिन तलाशी के बाद सभी धमकी झूठी निकली।


## प्रदेश के कई जिलों में बाढ़ के खतरे का पूर्वानुमान जारी 24 घंटे के लिए किया अलर्ट

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

प्रदेश के चमोली, देहरादून सहित कई जिलों में बाढ़ का अलर्ट जारी किया गया है। पहाड़ों पर बारिश के चलते आज भी कई सड़कें बंद हैं। बारिश के बाद सड़कों पर जगह-जगह मलबा आया है।

मौसम विज्ञान विभाग के हाइड्रोमेट डिवीजन ने रविवार को आगामी 24 घंटे में बागेश्वर, चमोली, चंपावत, देहरादून, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग, टिहरी, उत्तरकाशी में भारी बारिश के कारण जलभराव और बाढ़ के खतरे का पूर्वानुमान जारी किया है। इसके बाद राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने संबंधित जिलों के जिलाधिकारियों को पत्र भेजते हुए सावधानी बरतने को कहा है। प्रदेश में बारिश के बाद सड़कों पर जगह-जगह मलबा आ गया है।

जिससे छह राष्ट्रीय राजमार्ग सहित 187 सड़कें बंद हैं। इसमें ग्रामीण क्षेत्र की 104 सड़कें शामिल हैं। पिथौरागढ़ जिले में धारचुला-तवाघाट राष्ट्रीय राजमार्ग में पहाड़ी से बड़े पत्थर आ गए हैं। इससे राजमार्ग में वाहनों की आवाजाही बंद है। घटियाबगढ़-लिपूलेख राष्ट्रीय राजमार्ग में मलबा आ गया है। राज्य आपातकालीन



परिचालन केंद्र के मुताबिक चमोली में एक राष्ट्रीय और दो राज्य मार्ग, पौड़ी में एक राष्ट्रीय और एक राज्य मार्ग, उत्तरकाशी में दो राष्ट्रीय राजमार्ग, टिहरी में दो राज्य मार्ग मलबा आने से बंद हैं। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों की कई सड़कें बंद हैं।

बारिश के बाद मलबा आने से अल्मोड़ा जिले में पांच, बागेश्वर में 15, चमोली 21, देहरादून में आठ, नैनीताल पांच, पौड़ी में 31, पिथौरागढ़ में 28, रुद्रप्रयाग में 23, टिहरी में 13, ऊधमसिंह नगर में चार एवं उत्तरकाशी जिले में 34 सड़कें बंद हैं।



# गोल्ज्यू दरबार पहुंचा जिपं अध्यक्ष चुनाव मामला

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष चुनाव को लेकर कांग्रेस और भाजपा के बीच मचे घमासान का दायरा अब सियासत से निकलकर आस्था के दरबार तक पहुंच गया है। कांग्रेस ने अपने सदस्यों के अपहरण के मामले में नैनीताल हाईकोर्ट में सुनवाई से पहले न्याय के देवता माने जाने वाले गोल्ज्यू महाराज से गुहार लगाई है। कांग्रेस ने प्रार्थना कर कहा कि भगवान ही उन्हें इस राजनीतिक संघर्ष में सच्चा न्याय दिला सकते हैं।

इसी क्रम में सूबे के नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने रविवार को गोलू देवता के मंदिर में पहुंचकर विशेष पूजा अर्चना की और कांग्रेस के पक्ष में न्याय की मांग की। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार भगवान गोल्ज्यू को न्याय का देवता कहा जाता है उसी प्रकार आज जब कांग्रेस लोकतंत्र की लड़ाई लड़ रही है तब वे भी जनता और ईश्वर दोनों से न्याय की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता के दुरुपयोग से लोकतंत्र की



जड़ों पर प्रहार कर रही है लेकिन सत्य की जीत अवश्य होगी। यशपाल आर्य ने इसके साथ ही कैंची धाम के पूज्य नीम करोली बाबा की शरण में भी प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि बाबा का आशीर्वाद सदैव धर्म और सत्य के पक्ष में रहता है। कांग्रेस को पूरा विश्वास है कि बाबा और गोलू देवता के आशीर्वाद से कांग्रेस को न्याय मिलेगा और लोकतंत्र की रक्षा होगी।

गौरतलब है कि नैनीताल जिला पंचायत चुनाव के दौरान कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि भाजपा ने उनके पांच सदस्यों का अपहरण कर लियाए ताकि अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर उनकी जीत को रोका जा सके। मामला तूल पकडने के बाद कांग्रेस ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। अदालत में सोमवार (आज) को इस मामले की सुनवाई प्रस्तावित है। इससे ठीक पहले नेता प्रतिपक्ष ने धार्मिक स्थलों में जाकर आस्था व्यक्त कर न्याय की मांग की है। यशपाल आर्य ने यह भी कहा कि उत्तराखंड के मुखयमंत्री पुष्कर सिंह धामी गोलू देवता की नगरी चंपावत से आते हैं। ऐसे में उन पर यह जिमेदारी और अधिक बढ़ जाती है कि वे सत्ता और प्रशासनिक दबाव से ऊपर उठकर निष्पक्ष तरीके से न्याय सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यदि मुखयमंत्री स्वयं को गोलू महाराज का भक्त मानते हैं तो उन्हें अपने कर्मों से भी यह साबित करना चाहिए कि वे सत्य और न्याय के पक्षधर हैं। यशपाल आर्य के मंदिर जाने से राजनीतिक गलियारों में एक नई चर्चा को जन्म दे दिया है फिलहाल अब सबकी निगाहें नैनीताल हाईकोर्ट की मंगलवार (कल) होने वाली सुनवाई पर टिकी हैं।

## हाईकोर्ट में कल होगी सुनवाई, एसएसपी को फटकार

**नैनीताल।** बृहस्पतिवार को जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव के दौरान भारी हंगामे, आरोप-प्रत्यारोप के बाद शुक्रवार तड़के 22 वोटों की गिनती निर्वाचन आयोग के पर्यवेक्षक की उपस्थिति में की गई थी। वोट और गिनती के परिणाम लिफाफे में डबल लॉक में रख दिए गए। आज 18 अगस्त को सुनवाई होनी थी, लेकिन अब आज सुनवाई ना होकर कल यानी 19 अगस्त को सुनवाई होगी। पांचों लापता सदस्य कोर्ट में प्रस्तुत हुए, इससे पहले उन्होंने 164 में मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान देकर कहा कि वे अपनी मर्जी से घूमने गए थे। कपिल सिब्बल के जूनियर वकील कामत ने एक अलग याचिका दायर कर रिपोलिंग की मांग की। अभी उस पर सुनवाई नहीं हुई। हाईकोर्ट ने डीएम से काउंटिंग प्रक्रिया और कार्यवाही संबंधी रिपोर्ट पर एफिडेविट मांगा है।

## घ्यूं सडरात अर्थात घी संक्रांति अर्थात ओगि

**नैनीताल।** समूचे कुमाऊं अंचल में भादो माह की सडरात को अर्थात आज दिनांक 17 अगस्त 2025 को मनाया जा रहा है घ्यूं सडरात ( घी संक्रांति) अर्थात ओगि त्यार। घ्यूं अर्थात (घी)सडरात को ओगि/ ओलगि/ सिंह सडरात के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन द्विज वर्ग के लोग एक-दूसरे को अपने अपने गुसाईयों के लिए ओगि/ ओग लाते हैं। ओग में मौसमी फल - फूल, सांग - सब्जी, छिलुके, पत्तल, मावा के पत्तों से बनी बरसाती ( टवप ), तथा गडेरी के कोमल पत्ते ( गाब) भैट स्वरूप लाते थे।और बदले में उनसे भेंट प्राप्त करते थे।

लोक जीवन में जो व्यक्ति जिस कार्य में निपुण होता था दक्ष होता था वह अपने अपने हाथों से बनीं वस्तुओं को अपने अपने गुसाइयों के लिए भेंट स्वरूप लाते थे। मेरा यह मानना है कि यह लोक परम्परा आदान-प्रदान परम्परा का बदला हुआ रूप है। इसके मूल में एक दूसरे को भेंट देने की परम्परा जुड़ी हुई है।इस संक्रांति से एक दिन पहले मसान्त को घर घर मे अपनी अपनी

सामर्थानुसार उड़द कि दाल कि रोटियां ( बेणु रव्ट) बनायी जाती हैं। पकवान बनते हैं। जिसे घी के साथ खाने कि परम्परा है। सभी देवी देवताओं कि मूर्तियों में भी घी लगाया जाता है। घी कि टीका लगाया जाता है। घी के ही नैवेद्य बनाये जाते हैं।इस दिन खीर के साथ घी खाने की लोक परम्परा है। एक ऐसी लोक धारणा भी हमारे इस अंचल में है कि जो लोग इस दिन घी नहीं खायेगा घी का सेवन नहीं करेगा वह अगले जन्म में गनेल ( घैंघा) घैंघा किड़े कि योनि में जन्म लेगा। हमारे इस अंचल में इस माह घर घर में दूध,दही,घी की भरमार होती है और इस माह शरीर कि मांग भी होती है कि घी का? प्रयोग किया जाये इस कारण हमारे पूर्वजों ने ये यूक्ति निकाली कि जो लोग इस माह घी नहीं खायेगा वह गनेल कि योनि में जन्म लेगा।

इस माह वादि लोग ,औजी , लोहार, बढई ,ओण -बारुणी, दर्जी लोग अपने अपने हाथों से बनीं वस्तुओं को उपहार स्वरूप ओग के रूप में अपने अपने गुसाईयों को भेंट स्वरूप देते थे व बदले में उनसे भेंट प्राप्त करते थे। इस दिन परिवार के सदस्य अपने अपने भूमिया , ईष्ट देवी देवताओं के थान में जाकर इस मौसम के फल फूल, सांग सब्जी, नैवेद्य,साग सब्जी, दूध, दही, घी, पिनालु के गांव, दाड़िम, भुट्टा, कंकड़ी, आदि चढ़ाते हैं उसके बाद ही स्वयं उपयोग करते हैं।

पिनालू के गांव खाने का शुभारंभ इसी दिन से होता है। भूमिया से,लोक देवी-देवताओं से प्रार्थना कि जाती है कि भविष्य में भी अच्छी फसल होती रहे। इस प्रकार यह त्योहार आपसी प्रेम सौहार्द्र, भाई चारे को बढ़ाने वाला व आपसी द्वेष को दूर करने वाला त्योहार भी है।

**-आलेख व छायाकार -बृजमोहन जोशी, नैनीताल।**



# 407वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण अभियान

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीयअध्यक्ष राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरु रानी के नेतृत्व में चलाया जा रहा राज्य में अनूठा पौधरोपण अभियान 407वें दिन भी जारी रहा। आज उनके नेतृत्व में नारायण नगर के नारायण स्वामी मंदिर परिसर में एक पौधा धरती मां के नाम के तहत अभियान के 407वें दिन यानी रविवार को पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि उनका अभियान जारी रहेगा। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता विपिन जोशी,अर्जुन कन्याल, सुनील शाह, देवेंद्र खोलिया, दीवान मेहता, सीबीएस कन्याल तथा मंदिर के व्यवस्थापक दीप चंद्र पांडे उपस्थित रहे।

# राजकीय पेंशनर्स कल्याण एसोसिएशन ने किया वृहद स्तर पर पौधरोपण

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

राजकीय पेंशनर्स कल्याण एसोसिएशन द्वारा रविवार को नैनीताल-भवाली मोटर मार्ग में पाइंस केलाखान क्षेत्र में वृहद स्तर पर पौधरोपण कार्यक्रम कर विभिन्न प्रजातियों के वनीय पौधे लगा कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित नैनीताल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई।

एसोसिएशन के महासचिव बहादुर सिंह बिष्ट ने बताया कि कार्यक्रम का मुखय उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं नैनीताल की प्राकृतिक सुंदरता को बनाए रखना है। राजकीय पेंशनर एसोसिएशन नैनीताल ने कार्यक्रम के माध्यम से अपनी सामाजिक जिममेदारी का निर्वहन किया है। पौधरोपण कार्यक्रम से पूर्व नगर के जाने माने पर्यावरणविद् यशपाल सिंह रावत ने पौधों की सामाजिक जीवन में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पौधों का संरक्षण एवं पौधरोपण कार्य एक पूजा के समान है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही एसोसिएशन की अध्यक्ष मंजू बिष्ट ने बताया कि इस कार्यक्रम में संगठन द्वारा विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया है और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता में अपना योगदान प्रदान करने का प्रयास किया गया है। कार्यक्रम में यशपाल रावत,योगेश साह, असलम अली,धीरेन्द्र सिंह, कैलाश जोशी,ललित पांडे,घनश्याम सिंह बिष्ट,दीपक साह, विनीता बिष्ट, जगदीश सिंह,रतन सिंह जंतवाल, गिरीश जोशी, दीपक साह, मोहन पंत, उमेश जोशी, रेखा त्रिवेदी, धीरेन्द्र सिंह बिष्ट, होशियार सिंह मेहरा, केदार सिंह कार्की सहित कई पेंशनर्स एवं पर्यावरणविद व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## NEWS / फटाफट

### आर्य समाज मंदिर वेद प्रचार सप्ताह का समापन

**नैनीताल ।** आर्य समाज मंदिर नैनीताल में वेद प्रचार सप्ताह का समापन रविवार को विशेष यज्ञ के उपरांत परिपूर्ण हुआ। बता दें आर्य समाज में श्रावणी पर्व के साथ श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पवित्र पर्व भी मनाया गया। राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस मनाते हुए हर्ष की अनुभूति हुई। विश्व में शांति लाने के लिए निरंतर यज्ञों का आयोजन होता रहा। इन समस्त कार्यकलापों में किशन गुरुरानी, केदार सिंह, विवेक अग्रवाल, गोपाल सिंह तथा राजेन्द्र त्रिपाठी समेत अन्य आर्य समाजी मौजूद रहे।



### लैंडो लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में दो मुकाबले

नैनीताल । नगर पालिका परिषद और डीएसए के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित लैंडो लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में रविवार को दो मुकाबले खेले गए। डीएसए मैदान में पहला मुकाबला असाल्टर और अवनी इलेवन के बीच खेला गया जिसमें अवनी इलेवन ने 6-0 से मुकाबला जीता वहीं दूसरा मुकाबला डेमेंटर्स एफ सी और मेट्योर स्ट्राइकर के बीच हुआ जिसमें मेट्योर स्ट्राइकर ने 2-1 से मुकाबला जीता। इस दौरान पवन सिंह बिष्ट, अनिल गाडिया, बृजेश बिष्ट और तुषार जोशी आदि मौजूद रहे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# नथुवाखान के सूरज मेडिकल कालेज हल्द्वानी में करेंगे देहदान

**धारी**

**हमारे संवाददाता**

रामगढ़ क्षेत्र के नथुवाखान के सूरज मेहता ने सुशीला तिवारी मेडीकल कालेज हल्द्वानी को अपना शरीर मरणोपरांत मेडिकल रिसर्च एवं शिक्षा के लिए दान करने की शपथ ली है।

सामाजिक कार्यकर्ता सूरज मेहता, उम्र 27 पुत्र पूरन सिंह निवासी नथुवाखान ने बताया उन्होंने अपनी मृत्यु के बाद स्वेच्छा से अपना शरीर एवं अंग दान का संकल्प लिया है। शरीर मरणोपरांत निकटम या सुशीला तिवारी मेडिकल कालेज हल्द्वानी को मरणोपरांत मेडिकल रिसर्च एवं शिक्षा के लिए दान करने की शपथ ली है। मृत देह का दान मेडिकल साइंस के रिसर्च और प्रशिक्षण के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने भ्रांतियों को दूर कर कहा कि आंखों का दान हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज में संभव है, जबकि हृदय, लीवर, किडनी जैसे अंगों के दान के लिए विशेष सेटअप की आवश्यकता होती है। समाज को आगे आकर इस कार्य में भागीदारी करनी चाहिए ताकि मेडिकल साइंस में प्रगति हो सके।



**शपथ**

- सुशीला तिवारी मेडिकल कालेज हल्द्वानी को मरणोपरांत मेडिकल रिसर्च एवं शिक्षा के लिए दान करने की शपथ ली

# वन दरोगा दक्षिणी कुमाऊं वृत की आम सभा का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सहायक वन कर्मचारी संघ (वन दरोगा) दक्षिणी कुमाऊं वृत की एक आम सभा का आयोजन प्रदेश महामंत्री बृजमोहन रावत की अध्यक्षता में रविवार को वन विश्राम गृह भवाली में किया गया। सभा में निर्णय लिया गया कि वन दरोगाओं का ट्रांसफ र तराई क्षेत्र में ना करते हुए वरिष्ठ वन दरोगा तथा जिन वन दरोगाओं को वास्तविक परेशानियां हो रही है उनका ट्रांसफर नजदीकी वन प्रभागों में किया जाए।

सभा में कहा गया कि वन विभाग के कार्यों को कोटेशन से ना करते हुए टेंडर प्रक्रिया द्वारा किया जाए जिससे पारदर्शिता बनी रहे तथा भ्रष्टाचार पर लगाम लग सके। सभा में निर्णय लिया गया कि अगर इन समस्याओं का समाधान आतिशीघ्र नहीं किया गया तो संगठन आंदोलन को विवश होगा जिसकी सारी जिमेदारी विभाग की होगी। इसके साथ ही सहायक वन कर्मचारी संघ को नैनीताल में संघ



भवन आवंटन किए जाने की मांग की गई तथा आगामी सहायक वन कर्मचारी संघ के प्रदेश स्तरीय चुनाव हेतु अति शीघ्र प्रदेश स्तरीय मीटिंग करने का निर्णय लिया गया।

सभा में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र पांडे, संयुक्त मंत्री कुमाऊं अशोक नेगी, अध्यक्ष दक्षिणी कुमाऊं चंद्रशेखर जोशी, मंत्री रणजीत सिंह थापा, अध्यक्ष भूमि संरक्षण वन प्रभाग जीवन कांडपाल, अध्यक्ष नैनीताल वन प्रभाग सूरज बिष्ट, मंत्री राजेंद्र करायत, अध्यक्ष अतिरिक्त भूमि संरक्षण वन प्रभाग रामनगर मुकेश भारती, मंत्री पश्चिमी व्रत मोहन पांडे, कोषाध्यक्ष दक्षिणी कुमाऊं व्रत गिरधर सिंह नेगी, दक्षिणी कुमाऊं व्रत महिला उपाध्यक्ष श्रीमती मनीषा भंडारी, नैनीताल वन प्रभाग महिला उपाध्यक्ष श्रीमती विमला नगरकोटी समेत सुरेश जोशी, सतीश सिंह बोहरा, हरीश आर्य, चंदन सिंह बिष्ट, संजय भट्ट, राजेंद्र जोशी, संतोष गिरी, त्रिलोक सिंह शाही, इंद्र सिंह, प्रेम सिंह, गिरीश चंद्र, संतोष जोशी तथा हेमराज पटियाल आदि वन दरोगा शामिल रहे।

# अभिमत



## संतुलन की जरूरत

*कुछ वर्षों से बहस छिड़ी हुई है कि डिजिटल युग पुस्तकालयों को अतीत और इतिहास बना देगा। दरअसल देश के छोटे से लेकर बड़े शहरों में पुस्तकालय बंद होते जा रहे हैं। एक सर्वेक्षण के अनुसार 18 से 24 साल के 70 प्रतिशत युवा कागज पर छपी पुस्तक की जगह मोबाइल और लेपटॉप पर ऑनलाइन कंटेट पढ़ने को प्राथमिकता देते हैं। कालेज की लाइब्रेरी में छात्रों की संख्या घटती जा रही है। पुस्तक पढ़ने और स्क्रीन के उपयोग में संतुलन की जरूरत है।*

परिवर्तन प्रकृति की सतत प्रक्रिया है। सभ्यता के विकास का श्रेय परिवर्तन को दिया जाना उचित होगा। कुछ वर्षों से बहस छिड़ी हुई है कि डिजिटल युग पुस्तकालयों को अतीत और इतिहास बना देगा। दरअसल देश के छोटे से लेकर बड़े शहरों में पुस्तकालय बंद होते जा रहे हैं। एक सर्वेक्षण के अनुसार 18 से 24 साल के 70 प्रतिशत युवा कागज पर छपी पुस्तक की जगह मोबाइल और लेपटॉप पर ऑनलाइन कंटेट पढ़ने को प्राथमिकता देते हैं। कालेज की लाइब्रेरी में छात्रों की संख्या घटती जा रही है। पुस्तक पढ़ने और स्क्रीन के उपयोग में संतुलन की जरूरत है। करीब तीन दशक पूर्व पुस्तकालयों में किशोर, युवा और वृद्ध पुस्तक का अध्ययन करते हुए स्वप्नलोक में डूब जाते थे। युवा भविष्य संवारने की रूपरेखा तैयार करते थे और वृद्ध बीते समय की स्मृति में खो जाते थे। शहर में शासन स्तर पर पुस्तकालय उपलब्ध थे। कई संस्थाएं निजी तौर पर पुस्तकालय स्थापित करके ट्रस्ट के माध्यम से संचालित करती थीं। अब नगर पंचायत, नगर पालिका और नगर निगम के पुस्तकालय करीब-करीब बंद हो गये हैं। नई पीढ़ी के लिए पुस्तकें प्रासंगिक नहीं हैं, यह कहना उचित नहीं होगा। विद्यार्थी कालेज से आकर होमवर्क के बाद पुस्तकालय में कोर्स से हटकर अध्ययन के लिए पुस्तकें तलाशते थे। अब कोचिंग का बोझ जैसा है। युवा कालेज की पढ़ाई के बाद स्क्रीन पर अधिक से अधिक समय बिताता है। कई शिक्षित परिवारों के घर में पीढ़ीगत बुजुर्गों की संकलित पुस्तकों की लाइब्रेरी होती थी। घर की लाइब्रेरी आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत का काम करती थी। घर की लाइब्रेरी की पुस्तकों के रखरखाव और सहेजने का काम परिवार के बुजुर्ग करते थे। अध्ययन के प्रति निराशा के साथ ही सकारात्मक दिशा भी है। युवा भले ही पुस्तकालय नहीं जाते हैं, परन्तु पठन-पाठन की रुचि में कमी नहीं है। पुस्तकों का डिजिटल संस्करण पढ़ने वाले युवाओं के लिए तकनीक सहायक हो रही है। पुस्तकालय में पुस्तकों की संख्या सीमित है, जबकि यूट्यूब और गूगल पर पुस्तकों का विशाल संसार है। समाज के मध्यम वर्ग के परिवारों को स्कूल के कोर्स की महंगी किताबें खरीदना भार महसूस होता है। बहुत से परिवार ऐसे हैं, जो पत्रिकाएं भी खरीदने की स्थिति में नहीं हैं, फिर भी पुस्तक मेले में आर्थिक क्षमता के अनुरूप लोग किताब खरीदते हैं। पुस्तक खरीदने और पढ़ने की जिज्ञासा थमी नहीं है।

# योजनाः सरकार की मदद का हाथ हर पात्र परिवार तक पहुंचेगा

रामनगर

हमारे संवाददाता

सरकार का संकल्प हर पात्र परिवार को योजनाओं का लाभ इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने शनिवार को क्षेत्र के 86 परिवारों को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से स्वीकृत 12 लाख 70 हजार रुपये की सहायता राशि के चेक वितरित किए।

यह सहायता पुत्रियों के विवाह और गंभीर उपचार की जरूरतों के लिए दी गई है। कार्यक्रम में विधायक बिष्ट ने लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की धामी सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में बिना किसी भेदभाव के हर पात्र को योजनाओं का लाभ देने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है और कोई भी योग्य परिवार सरकारी मदद से वंचित नहीं रहेगा। चेक मिलने पर लाभार्थियों के



**सहायता**

● 86 परिवारों को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से स्वीकृत, चेक वितरित किए

चेहरों पर खुशी झलक उठी और उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व विधायक दीवान सिंह बिष्ट का आभार जताया। इस मौके पर पीरूमदारा मंडल अध्यक्ष बलदेव रावत, नगर मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र खाती, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष घनश्याम शर्मा, मालधन मंडल अध्यक्ष प्रेम कुमार, ग्राम प्रधान इंदर लाल, क्षेत्र पंचायत प्रतिनिधि पृथ्वी रावत समेत अनेक जनप्रतिनिधि व भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

## शिक्षकों ने पदोन्नति और स्थानांतरण प्रक्रिया पूरी न होने पर नाराजगी

**हल्द्वानी।** शिक्षकों ने पदोन्नति और स्थानांतरण प्रक्रिया पूरी न होने पर नाराजगी जताते हुए कार्य बहिष्कार का ऐलान किया है। सोमवार से शुरू होने वाली इस चॉकडाउन हड़ताल के चलते कक्षा 6 से 12वीं तक पढ़ने वाले लगभग 45 हजार छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित होने की आशंका है।

राजकीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष गिरीश चंद्र जोशी ने बताया कि लंबे समय से पदोन्नति की मांग उठाई जा रही है, लेकिन शासन और विभाग की ओर से सिर्फ आश्वासन दिया जाता है, जबकि ठोस कार्रवाई अब तक नहीं हुई। कई शिक्षक वर्षों से एक ही पद पर कार्यरत हैं, जिससे न केवल वे पदोन्नति के लाभों से वंचित हैं बल्कि मानसिक दबाव भी महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वार्षिक स्थानांतरण प्रक्रिया भी तय समय बीत जाने के बाद अब तक पूरी नहीं हुई है, जिससे शिक्षक वर्ग में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। यही कारण है कि जिले के सैकड़ों शिक्षकों ने राजकीय शिक्षक संघ के बैनर तले 18 अगस्त से चॉकडाउन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। इस दौरान विद्यालयों में शिक्षण कार्य पूरी तरह ठप रहेगा।

## बेतालघाट में हुई फायरिंग मामले में आयोग का सख्त

**नैनीताल।** ब्लाक प्रमुख चुनाव के दौरान नैनीताल जिले के बेतालघाट में हुई फायरिंग की घटना को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग ने सख्त रुख अपनाया है। आयोग ने मामले की गंभीरता को देखते हुए भवाली के क्षेत्राधिकारी (सीओ) प्रमोद कुमार साह के खिलाफ विभागीय कार्रवाई और थाना प्रभारी (एसओ) अनीश अहमद को निलंबित करते हुए विभागीय जांच की संस्तुति शासन से की है।

गौरतलब है कि 14 अगस्त को ब्लाक प्रमुख व उप प्रमुख चुनाव के दौरान बेतालघाट में फायरिंग हुई थी जिसमें एक ग्रामीण घायल हो गया था। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इसे चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास बताते हुए गंभीर आरोप लगाए थे। घटना के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। मामले को गंभीर मानते हुए राज्य निर्वाचन आयोग ने संयुक्त सचिव कमलेश मेहता की ओर से आदेश जारी कर कठोर कार्रवाई की अनुशंसा की है।

# कॉर्बेट में सैलानी की मौत, स्विमिंग पूल बना काल सुरक्षा इंतज़ामों पर उठे सवाल

रामनगर

हमारे संवाददाता

जरा सोचिए घूमने-फिरने और मस्ती का सफर कब मातम में बदल जाए कोई नहीं जानता। कुछ ऐसा ही दर्दनाक हादसा शुक्रवार देर शाम कॉर्बेट नेशनल पार्क के पास ढिकुली क्षेत्र के एक लक्ज़री रिसॉर्ट में हुआ जहां नोएडा निवासी 35 वर्षीय राकेश शर्मा की स्विमिंग पूल में डूबने से मौत हो गई।

चंद मिनटों की लापरवाही ने एक परिवार का चिराग बुझा दिया और दोस्तों की खुशियां मातम में बदल गईं।जानकारी के मुताबिक राकेश अपने चार दोस्तों के साथ सुबह ही रामनगर पहुंचे थे और रिसॉर्ट में दो कमरे बुक कर घूमने-फिरने का कार्यक्रम बनाया। दिनभर सफारी और जंगल की सैर करने के बाद सभी दोस्त शाम को रिसॉर्ट लौटे और मौज-मस्ती के लिए पूल में उतर गए। लेकिन चंद पलों में खुशियों का ये सिलसिला चीख-पुकार में तब्दील हो गया।गवाहों के अनुसार नहाते समय अचानक राकेश की



तबीयत बिगड़ गई और पानी के भीतर ही उनकी हालत बेहद नाजुक हो गई। दोस्तों और स्टाफ ने उन्हें किसी तरह बाहर निकाला और आनन-फानन में सरकारी अस्पताल ले जाया गया मगर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।


घटना की पुष्टि करते हुए कोतवाली रामनगर के वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनोज नयाल ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण साफ होगा। फिलहाल प्रथम दृष्टया मामला डूबने का प्रतीत हो रहा है। लेकिन इस हादसे के बाद सबसे बड़ा सवाल रिसॉर्ट की सुरक्षा व्यवस्था पर उठ रहा है। स्थानीय लोगों और पर्यटकों ने साफ तौर पर कहा कि पूल पर निगरानी रखने के लिए लाइफ गार्ड क्यों तैनात नहीं था? अगर सुरक्षा इंतज़ाम दुरुस्त होते तो शायद ये हादसा टल सकता था। गौरतलब है कि कॉर्बेट और आसपास के इलाके में देश-विदेश से हर साल हजारों पर्यटक आते हैं। यहां के रिसॉर्ट्स भले ही लक्ज़री सुविधाओं का दावा करते हों लेकिन सुरक्षा को लेकर सवाल लगातार खड़े होते रहे हैं।

प्रशासन की ओर से बार-बार दिशा-निर्देश जारी करने के बावजूद रिसॉर्ट्स में लापरवाही की कहानियां थमती नहीं दिख रहीं। इस दर्दनाक घटना के बाद मृतक का परिवार गहरे सदमे में है। बेटे की मौत ने घर का सारा उजाला छीन लिया वहीं दोस्तों की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे। यह हादसा एक बार फिर प्रशासन और रिसॉर्ट मालिकों को आईना दिखा रहा है कि महज दिखावटी इंतज़ाम काफी नहीं बल्कि सख्त निगरानी और पुख्ता सुरक्षा ही ऐसे हादसों को रोक सकती है।

# फ़िल्मी दुनिया

## छुप के शादी की, अनीता आडवाणी ने किए चौंकाने वाले खुलासे





*दिवंगत बॉलीवुड सुपरस्टार राजेश खन्ना की करीबी रहीं अनीता आडवाणी ने हाल ही में चौंकाने वाला खुलासा किया। एक्ट्रेस ने कहा कि उन्होंने राजेश खन्ना से शादी की थी। सिनेमाई दुनिया के दिग्गज अभिनेता रहे राजेश खन्ना को हमेशा शानदार अभिनय के लिए जाना जाता था। इसके अलावा अभिनेता की पर्सनल लाइफ में अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया के साथ लव स्टोरी, शादी और अलगाव की भी चर्चा होती है। इतना ही नहीं अभिनेता की जिंदगी में एक और नाम अनीता आडवाणी का भी अक्सर जुड़ता रहा। अब एक्ट्रेस ने राजेश खन्ना के साथ अपने निजी रिश्ते को लेकर खुलासा किया है कि दोनों ने शादी की थी। अभिनेत्री अनीता आडवाणी ने हाल ही में मेरी सहेली के साथ बातचीत में दिवंगत अभिनेता राजेश खन्ना के साथ अपने रिश्ते पर बात की। उन्होंने कहा, 'हमने निजी तौर पर शादी की, लेकिन फिल्म इंडस्ट्री में कोई भी इस बारे में खुलकर बात नहीं करता। सब कहते हैं हम दोस्त हैं या हम रिलेशनशिप में हैं। मीडिया में पहले ही खबर आ चुकी थी कि मैं उनके साथ हूं, इसलिए हम दोनों में से किसी को भी सार्वजनिक रूप से शादी की घोषणा करने की जरूरत नहीं पड़ी। एक्ट्रेस अनीता आडवाणी ने कहा, 'हमारे घर में एक छोटा सा मंदिर था। मैंने एक मंगलसूत्र बनवाया था, जो सोने का था वो भी काले मोतियों वाला। उन्होंने मुझे वो पहनाया, फिर सिंदूर लगाया और कहा, %आज से तुम मेरी जिम्मेदारी हो।*

### डिंपल कपाड़िया से पहले अभिनेता की जिंदगी में थीं अनीता

*अनीता आडवाणी ने कहा कि वो राजेश खन्ना की पत्नी रहीं डिंपल कपाड़िया से पहले अभिनेता के जीवन में आ गई थीं। उन्होंने बताया, 'हां, मैं डिंपल कपाड़िया से पहले उनकी जिंदगी में आई थी। लेकिन मैंने उनसे शादी नहीं की क्योंकि मैं उस समय बहुत छोटी थी। आखिरकार, मैं जयपुर वापस चली गई।' इसके साथ ही उन्होंने बताया कि राजेश खन्ना के निधन पर जब वह आखिरी बार उन्हें देखने गईं, तो उन्हें जाने नहीं दिया गया और बाउंसरों ने रोक लिया।*

## खेत में बुजुर्ग पर गुलदार का हमला अस्पताल में भर्ती, गांव में फैली दहशत

रामनगर

हमारे संवाददाता

इंसान और जंगली जानवरों के बीच लगातार बढ़ते टकराव ने एक बार फिर लोगों की नींद उड़ा दी है।

शुक्रवार शाम ग्राम पिरूमदारा हिम्मतपुर नई बस्ती से सटे तराई पश्चिमी वन प्रभाग के आमपोखरा इलाके में खेत में काम कर रहे एक बुजुर्ग पर गुलदार ने खौफनाक हमला बोल दिया। अचानक हुए हमले में 55 वर्षीय किसान उदय राज सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें परिजन खून से लथपथ हालत में आनन-फानन में सरकारी अस्पताल ले गए।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक उदय राज रोज की तरह अपने खेत में काम कर रहे थे कि तभी झाड़ियों से निकला गुलदार उन पर टूट पड़ा। हमले की चीख सुनकर परिजन और अन्य ग्रामीण खेत की ओर दौड़े और शोर मचाया जिसके बाद गुलदार बुजुर्ग को अधमरी हालत में छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। घायल की हालत अभी भी नाजुक बताई जा रही है।



गांव वालों का कहना है कि पिछले कई दिनों से गुलदार की धमक गांव के आसपास महसूस की जा रही थी। बार-बार शिकायत करने के बावजूद वन विभाग ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। अब इस घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश और डर है। ग्रामीण मनोज रावत ने कहा कि गांववाले हर वक्त दहशत में जी रहे हैं शाम ढलते ही लोग घर से निकलना तक बंद कर देते हैं। गुलदार अब आतंक का दूसरा नाम बन चुका है। इधर मामले की जानकारी मिलते ही तराई पश्चिमी वन प्रभाग के डीएफओ प्रकाश आर्य ने कहा कि इलाके में गश्त बढ़ा दी गई है और जल्द ही गुलदार की लोकेशन ट्रैक कर उसे पकड़ने की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

News कॉर्नर

## नैनीताल-भवाली मार्ग पर स्कूटी रपटने से पर्यटक चोटिल

**नैनीताल ।** नैनीताल-भवाली मार्ग पर पाइंस के समीप स्कूटी रपटने से पर्यटक चोटिल हो गया। जिसे राहगीरों की मदद से बीडी पांडे अस्पताल लाया गया जहां उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी है। जानकारी के मुताबिक दिल्ली निवासी संदीप पटेल परिजनों के साथ नैनीताल घूमने पहुंचे थे रविवार सुबह वह अन्य स्वजनों के साथ कैंची धाम से दर्शन कर लौट रहे थे।

## सरोवर नगरी में आधे घंटे तक हल्की बारिश

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में रविवार को दिन भर मौसम सामान्य रहा वही शाम करीब तीन बजे से आधे घंटे तक हल्की बारिश हुई और फिर से मौसम सामान्य हो गया। बीते 24 घंटों में शहर में 5 एमएम बारिश हुई। बता दें बारिश के चलते जिले के 7 ग्रामीण मार्ग बाधित रहे।

# कुमाऊंनी व्यंजनों को देश दुनिया में पहचान बेहद जरूरी: राकेश सेठी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता





कुमाऊंनी भोजन स्वाद के साथ स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाता है। कुमाऊंनी व्यंजनों को देश दुनिया में पहचान बेहद जरूरी है। इसका जिम्मा मशहूर सेलेब्रिटी शेफ राकेश सेठी ने उठाया है। रविवार को होटल रेडिसन ग्रुप के होटल नमः नैनीताल में उन्होंने यह विचार व्यक्त किए।

राकेश सेठी ने कहा है कि भोजन को लेकर कई तरह की स्वास्थ्य की परेशानियां भी उत्पन्न होने की शिकायतें मिलती हैं। जिसे लेकर एक अलग थ्योरी बनाई है। नाम फ्रेशए लोकलए ऑर्गेनिक, सीजनल एंड सेंस्टेनेबल (लॉस) दिया है। इस थ्योरी के आधार पर रेडिसन होटल ग्रुप के होटलों में भोजन की गुणवत्ता और विविधता को बदल दिया है और अब वह कुमाऊं अंचल के भोजन की खूबियों और स्वाद को विकसित करने जा रहे हैं। वह कहते हैं कि जलवायु और मौसम के लिहाज से यहां के भोज्य पदार्थों का कोई सानी नहीं है। पहाड़ों में विभिन्न प्रकार की उपज स्वास्थ्यवर्धक है। जिसका सेवन बीमारियों से परे रखता है और स्वास्थ्य को उत्तम बनाता है। जिसे ध्यान में रखकर नमः नैनीताल ने कुमाऊनी थाली परोसनी शुरू कर दी है। साथ ही ऑर्गेनिकए आयुर्वेदिक और ताजी सबजियां के लिए किचन गार्डन बनाने जा रहे हैं। बता दें कि वर्तमान में राकेश रेडिसन होटल ग्रुप साउथ एशिया के कॉर्पोरेट एग्जीयूटिव चीफ शेफ हैं। एग्जीयूटिव शेफ शिवांगी ने कहा कि मेन्यू में खासकर कुमाऊनी फूड को शामिल किया गया है। कुमाऊंनी फूड को पहचान दिलाने के लिए प्रत्येक कुमाऊनी डिश होटल में मुहैया कराई गई है। जिसे लेकर अलग से शेफ नियुक्त किया गया है। होटल के महाप्रबंधक नरेश गुप्ता का कहना है कि सेलिब्रेटी शेफ राकेश सेठी के निर्देशन में होटल में खास मेन्यू बनाया गया है जो यहां आने वाले सैलानियों को खूब पसंद आता है। जिस कारण नमः नैनीताल राज्य के पसंदीदा होटलों में खास पहचान बनाने में सफल हुआ है। इस अवसर पर एफएमबी मैनेजर आशुतोष भंडारी समेत मुखय शेफ शिवांगी पवार तथा जे यादव व मुकेश उपस्थित थे।

कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी नैनीताल

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जिला स्वास्थ्य समिति जनपद नैनीताल
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
सर्पदंश होने पर

क्या करें
- धीरे-धीरे सांप से दूर हो जाएं।
- घाव वाले अंग को स्थिर रखें (न हिलाएं)
- यदि सर्पदंश वाली जगह पर किसी प्रकार का आभूषण, जूते, अंगूठी, घड़ी या तंग कपड़ा है तो निकाल दें।
- पीड़ित को स्ट्रेचर पर बाईं करवट लिटाएं, दाहिना पैर मुड़ा हुआ हो और हाथ से चेहरे को सहारा दें।
- पीड़ित व्यक्ति को तुरंत नज़दीकी अस्पताल लेकर जाएं।

क्या ना करें
- सांप पर हमला करने या उसे मारने की कोशिश ना करें। यदि आप ऐसा करेंगे तो सांप अपनेबचाव में आपको काट सकता है।
- सर्पदंश वाले घाव को न काटें और न ही घाव पर सर्प विषरोधी इंजेक्शन या दवाई लगाएं।
- घाव को बांध कर रक्त संचार रोकने का प्रयास न करें।
- रोगी को पीठ के बल न लिटाए इससे वायुमार्ग में रुकावट हो सकती हैं।
- पारंपरिक तरीको से उपचार करने का प्रयास न करें।

जिला सर्विलेन्स अधिकारी नैनीताल | मुख्य चिकित्सा अधिकारी नैनीताल | जिला अधिकारी नैनीताल

कार्यालयः- प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक
बी0डी0 पाण्डे जिला चिकित्सालय, नैनीताल

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं

1. बी0डी0 पाण्डे जिला चिकित्सालय, नैनीताल में जनमानस के हितों को ध्यान में रखते हुए आधुनिक चिकित्सा सुविधायें उपलब्ध है।
2. बी0डी0 पाण्डे जिला चिकित्सालय, नैनीताल में ईको, टी0एम0टी0, सी0टी0 स्कैन, एक्स रे, पैथोलौजी जांचें व अल्ट्रासाउण्ड की सुविधायें उपलब्ध है।
3. बी0डी0 पाण्डे जिला चिकित्सालय, नैनीताल में अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों के अलावा कार्डियोलौजिस्ट भी तैनात है।
4. बी0डी0 पाण्डे जिला व महिला चिकित्सालय, नैनीताल में भर्ती हेतु आने वाले मरीजों के लिये प्राइवेट वार्ड की सुविधा उपलब्ध है।
5. बी0डी0 पाण्डे जिला चिकित्सालय, नैनीताल में यूजर चार्जेज जमा करने के लिये ई पेमेन्ट सुविधा उपलब्ध है।

डा0 हरीश चन्द्र पन्त, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नैनीताल
डा0 तरूण कुमार टम्टा, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक, बी0डी0 पाण्डे जिला चिकि0, नैनीताल
श्रीमती बन्दना सिंह (आई0ए0एस0), जिलाधिकारी, नैनीताल

कार्यालय नगर पंचायत लालकुआं, जिला- नैनीताल

पत्रांक: 272/14/ न0पं0/विज्ञापन-प्रकाशन/2025-26
दिनांक 14.08.2025

भारत सरकार के निर्देशानुसार आजादी की 79वीं वर्षगांठ स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर नगर पंचायत लालकुआं हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए समस्त क्षेत्रवासियों से यह अपील करती है किः-

1. स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में नगर पंचायत लालकुआं के प्रथम स्थान में आने की शुभकामनाओं के साथ स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में नगर पंचायत लालकुआं को पुनः शीर्ष पर लाने हेतु अपना सहयोग प्रदान करते हुए अपने घर एवं दुकान का कूड़ा खुले में न फेंके केवल नगर पंचायत की कूड़ा गाड़ी में ही डालें। खुले में कूड़ा फेकने से गन्दगी फेलती है और मच्छरों एवं पशुओं द्वारा इसे फेलाने से बीमारियों की सम्भावना बढ़ती है। ऐसे व्यक्ति जिनके द्वारा गन्दगी फैलाई जाती है, उनकी सूचना नगर पंचायत लालकुआं में दें।
2. प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवश्यकतानुसार योजना का लाभ लें। स्वरोजगार प्रारम्भ करने व पूर्व से संचालित नागरिक होने के नाते नगर पंचायत के करों/दुकान किराया व यूजर चार्जेज का भुगतान समय पर करें।
3. सम्मानित नागरिक होने के नाते नगर पंचायत के करों/दुकान किराया व यूजर चार्जेज का भुगतान समय पर करें।
4. डेंगू मच्छरों एवं जल जनित रोगों से बचाव हेतु मच्छरदानी का प्रयोग करें, फुल आस्तीन के कपड़े पहनें एवं बच्चों को पहनायें, कूलर का पानी नियमित बदलें, पानी जमा होने वाली जगहों पर मिट्टी तेल डालें, टायरों में पानी जमा न होने दें।
5. उत्तराखण्ड सरकार द्वारा लागू समान नागरिक संहिता के अन्तर्गत 26 मार्च 2010 के बाद विवाह करने वालों को विवाह पंजीकरण कराया जाना अनिवार्य है। राज्य सरकार द्वारा वर्तमान में विवाह पंजीकरण के शुल्क में रू0 250.00 की छूट प्रदान की गयी है। अतः अतिशीघ्र अपने विवाह का पंजीकरण करायें।
6. सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कदापि न करें।

निवेदक- श्रीमती नेहा आर्या, श्री धन सिंह बिष्ट, श्री योगेश उपाध्याय, श्रीमती शबनम, श्री सुरेश शाह, श्रीमती दीपा, हेमन्त पाण्डे, श्री भुवन पाण्डे एवं नगर पंचायत परिवार

(राहुल कुमार सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत लालकुआं

(सुरेन्द्र सिंह लोटनी)
अध्यक्ष
नगर पंचायत लालकुआं